भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2402
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

दक्षिण चेन्नई में समग्र शिक्षा अभियान

†2402. **डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान दक्षिण चेन्नई में स्थित सरकारी विद्यालयों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रयोगशालाएँ, स्मार्ट कक्षाएँ या डिजिटल अधिगम अवसंरचना के लिए समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत निधि स्वीकृत की है;
(ख) यदि हां, तो कवर किए गए विद्यालयों, स्वीकृत और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या दक्षिण चेन्नई में कई सरकारी विद्यालयों को संशोधित केन्द्रीय वित्तपोषण पैटर्न या स्वीकृति में विलंब के कारण आईसीटी उन्नयन का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार का दक्षिण चेन्नई के शहरी सरकारी विद्यालयों में यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे डिजिटल अधिगम में पीछे न रह जाएं, अतिरिक्त निधि या विशेष सहायता जारी करने का विचार है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): विगत तीन वर्षों (वर्ष 2022-23 से वर्ष 2024-25) के दौरान, केंद्र प्रायोजित योजना 'समग्र शिक्षा' के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए 6825 आईसीटी लैब हेतु 31010.50 लाख रुपये की अनुमानित लागत और 6284 स्मार्ट कक्षाओं हेतु 14955.60 लाख रुपये की राशि संस्वीकृत की गई। तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्वोक्त अवधि के दौरान, दक्षिण चेन्नई के 35 स्कूलों के लिए आईसीटी लैब्स हेतु 238.10 लाख रुपए की अनुमानित लागत और दक्षिण चेन्नई के 23 स्कूलों के लिए स्मार्ट कक्षाओं हेतु 59.57 लाख रुपए की अनुमानित लागत अनुमोदित की गई, और दक्षिण चेन्नई के 24 स्कूलों में आईसीटी लैब्स के लिए 154.50 लाख रुपए जारी किए गए।

(घ): वर्तमान वर्ष 2025-26 के दौरान, 'समग्र शिक्षा' के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए 2166 आईसीटी लैब्स हेतु 13523 लाख रुपए की अनुमानित लागत और 2683 स्मार्ट कक्षाओं हेतु 3219.20 लाख रुपए की अनुमानित लागत संस्वीकृत की गई है। तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दक्षिण चेन्नई के 78 स्कूलों के लिए वर्ष 2025-26 के दौरान 56 आईसीटी लैब हेतु 339.30 लाख रुपए की अनुमानित लागत और 22 स्मार्ट कक्षाओं हेतु 26.40 लाख रुपये की अनुमानित लागत अनुमोदित की गई है।

****